बबराला-रोसा लाइन

७७३. श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पहले सरकार के सामने बबराला से रोसा तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इस पर विचार किया गया है; और

(ग) क्या बबराला से गजरौला अथवा सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन बिछाने की कोई योजना है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री सं० वें० रामस्वामी) (क) और (ग). जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

हवाई अड्डों पर घोषणा करने की व्यवस्था

७७४. श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भारत के किन किन हवाई अड्डों पर, यात्रियों के साथ प्रदर्शन के लिये, लाउड-स्पीकरों पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में घोषणा करने की व्यवस्था है,

(ख) उन हवाई अड्डों के नाम क्या हैं, जिन पर केवल अंग्रेजी में घोषणा की जाती है; और

(ग) किन हवाई अड्डों पर अंग्रेजी के अतिरिक्त प्रादेशिक भाषाओं में भी घोषणा की जाती है ?

असैनिक उड्डयन मंत्री (श्री मुहीउद्दीन): *i*. एयर इंडिया इंटरनेशनल कारपोरेशन नीचे बतलाई हुई जबानों में एयर पोर्टों पर एलान करता है :—

जबानें	एयर पोर्ट
१ अंग्रेजी और हिन्दी	दिल्ली
२. अंग्रेजी	कलकत्ता, बम्बई और मद्रास ।

ii इण्डियन एयरलाइन्स कारपोरेशन नीचे बतलाई हुई जबानों में एयर पोर्ट पर एलान करता है —

जबानें	एयर पोर्ट
१ अंग्रेजी और हिन्दी	दिल्ली, पालम और सफदरजंग, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, बनारस, लखनऊ, अमृतसर अहमदाबाद, बम्बई, नागपुर और पटना ।
२ अंग्रेजी	कलकत्ता, अगरतला, गोहाटी बागडोगरा, भुज, भावनगर, बंगलौर, कोचीन, हैदराबाद, मद्रास, मंगलौर राजकोट, तिरुचिरापल्ली, और त्रिवेन्द्रम ।
३ अंग्रेजी और मौजू प्राविन्शल जबानें	अगरतला, बागडोगरा — बंगाली
	भुज, भावनगर, बम्बई, राजकोट — गुजराती